विधान सभा सचिवालय

उत्तर प्रदेश

(अधिष्ठान अनुभाग)

दिनांकः 10/02/2021

विज्ञप्ति

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय में रिक्त पदों के चयन हेतु निर्गत विज्ञापन संख्या 1/2020 दिनांक 07/12/2020 के सन्दर्भ में आयोजित प्रारम्भिक परीक्षा दिनांक 24 जनवरी 2021 का परिणाम दिनांक 06 फरवरी 2021 को घोषित कर दिया गया है। उक्त परीक्षा परिणाम अधिकारिक वेबसाइट www.uplegisassembly.gov.in पर दिये गये लिंक www.uplegisassemblyrecruitment.in पर उपलब्ध है।

1. प्रारम्भिक परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थिगण उक्त वेबसाइट पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।
2. प्रारम्भिक परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन करने के लिये विस्तृत निर्देश/सूचनाओं से अवगत कराने हेतु अधिकारिक वेबसाइट पर विज्ञप्ति कल दिनांक 11.02.2021 से उपलब्ध होगी।
3. प्रारम्भिक परीक्षा में अर्ह घोषित अभ्यर्थीगण मुख्य परीक्षा हेतु अपना आन–लाइन आवेदन निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित दिनांक 11.02.2021 से प्रस्तुत कर सकते हैं।
4. मुख्य परीक्षा हेतु आन–लाइन आवेदन पत्र सबमिट करने की अंतिम तिथि 18 फरवरी 2021 है। अंतिम तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।
5. मुख्य परीक्षा प्रत्येक पद हेतु पृथक अनिुक्रमांक के अनुसार विज्ञापन संख्या–1/2020 में दिये गये पाठ्यक्रम के सापेक्ष लखनऊ स्थित परीक्षा केन्द्र पर दिनांक 26.02.2021 से दिनांक 02.03.2021 तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। वेबसाइट पर मुख्य परीक्षा की विस्तृत विज्ञप्ति में परीक्षा की तिथियों, परीक्षा समय एवं अवधि का विवरण दिया गया है।
6. मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षार्थियों को अपना आधार–कार्ड मूल रूप में परीक्षा केन्द्र पर प्रदर्शित करना अनिवार्य है।
7. अर्ह अभ्यर्थीगण मुख्य परीक्षा हेतु अपने आन–लाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी तथा मुख्य परीक्षा का आवेदन पत्र आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर उसमें वॉछित विवरण दर्ज करते हुये

अपने पास सुरक्षित रखें। अभ्यर्थीगण उक्त प्रपत्रों के साथ समस्त शैक्षिक तथा अन्य अभिलेखों की स्वप्रमाणित छाया–प्रतियॉ तथा नवीनतम पासपोर्ट साइट फोटो संलग्न करते हुये इन प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतियों के सत्यापन के समय अवश्य प्रस्तुत करेंगे अन्यथा उनका अभ्यर्थन स्वतः समाप्त हो जायेगा। प्रमाण–पत्रों के सत्यापन में किसी चूक के लिये उनका अभ्यावेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

नरेंद्र कुमार मिश्रा
(संयुक्त सचिव)